मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-243
02/05/2021

मुख्यमंत्री ने पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी के भाई की कोरोना से निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 02 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सांसद श्री सुशील कुमार मोदी के सबसे छोटे भाई अशोक कुमार मोदी की कोरोना से निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि अशोक कुमार मोदी का निधन दुखद है। वे एक सामाजिक व्यक्ति थे। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी अभिरूचि थी। उनके निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******